गौरी नन्द गणेशा | By Sheetal Holkar

प्रथम मनाऊंगा मैं
घर को सजाऊंगा मैं
भोग लगाऊंगा मैं
झूम झूम गाऊंगा मैं
बिनती करू मैं तो से सुनले हे गणराजा
गौरी नन्द गणेशा मोरे अंगना में आजा

मोरे अंगना में आजा .....राजा

गणपति बप्पा मेरी भी कुटिया में आ जाओ
सोइ हुई तक़दीर फिर से जगाओ
मोरे अंगना में आजा .....राजा

तुम दीन दयाल हो जग वन्दन
हे गणपति बप्पा विघ्न हरण
आये हैं हम सब तुमरी शरण
भक्तों को भी देदो तुम दर्शन
जब याद तिहारी आती है
अँखियाँ नीर बहाती हैं
गाते हैं सदा से तुमरे भजन
हे गणपति बप्पा विघ्न हरण

मोरे अंगना में आजा .....राजा

खजराना के राजा मोरे अंगना में आजा
बड़ा गणपति राजा मोरे अंगना में आजा
खड़ा गणपति राजा मोरे अंगना में आजा
श्री सिद्धि विजय महाराजा मोरे अंगना में आजा
सिद्धि विजय महाराज मोरे अंगना में आजा
लाल बाग़ के राजा मोरे अंगना में आजा
पइयाँ पड़ूँ में तोहरे ओ मोरे महाराजा
गौरी नन्द गणेशा मोरे अंगना में आजा .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6%e0%a4%be-by-sheetal-holkar/